जैत गाँव में लगभग 1930–35 के मध्य ईसाई मिशनरियों का आगमन हुआ। यह कुछ इस तरह हुआ कि गाँव के कुछ लोगों की रिश्तेदारी मथुरा के पास सिरसा गाँव में थी। उस गाँव में फ्रान्सिकन ब्रदर एवं फादर्स द्वारा मिशनरी कार्य चल रहा था। उसी दौरान गाँव के मंगू बाबा और मीका बाबा उस गाँव में अपनी रिश्तेदारी में घूमने गये थे, तब उनकी मुलाकात फादर एवं ब्रदर से हुई और उन्होंने फादर और ब्रदर से बात की तो मंगू बाबा एवं भीकाबाब को फादर और ब्रदर का व्यवहार, कार्य एवं सेवाभाव बहुत अच्छा लगा। उन्होंने फादर एवं ब्रदर को जैत गाँव में आने एवं सेवा कार्य करने का निमंत्रण दिया। कुछ समय बाद फादर एवं ब्रदर गाँव में आये और गाँववालों ने उनका स्वागत किया। गाँव के ही लालाराम बाबा ने उन्हें अपने घर पर एक कच्चा कमरा प्रार्थना करने के लिए दे दिया। वे लोग वहाँ पर करीब पाँच वर्ष तक प्रार्थना करते रहे और गाँव वाले भी प्रार्थना में भाग लेने लगे। प्रारम्भ में 10 से 15 लोगों ने बपतिस्मा ग्रहण किया उनमें मंगूबाबा, भीकाराम, बलवन्ता मौसी, रामस्वरूप बाबा, लालाराम, स्वर्ग सिंह, राम मिशन आदि थे। इसके बाद गाँव के ऊपरी हिस्से पर बलवन्ता बाबा ने प्रार्थना के लिये दान स्वरूप 200 वर्ग गज जमीन फादर को दी। उस जमीन पर फादर ने एक कमरा एवं बरामदा बनाया। फिर वहाँ पर प्रार्थना एवं मिस्सा बलिदान चढ़ाने लगे। उसी दौरान गाँव के कुछ असमाजिक तत्वों ने उस गिरजाघर को लूट लिया एवं गाँववालों से मारपीट की। वह कमरा आज भी पुराना गिरजाघर के नाम से गाँव में प्रसिद्ध है। उस गिरजाघर में 10 से 15 वर्ष तक प्रार्थना होती रही और गाँव वालों का विश्वास बढ़ता गया और प्रभु के विश्वासी अनुयायी बढ़ने लगे। फादर और ब्रदर के साथ गाँव के लोग भी रात भर जागकर प्रार्थना करते थे। वे प्रार्थना के समय दीपक जलाते थे जो मिट्टी का बना हुआ होता था। उसमें तेल बहुत कम आता था। वह दीपक पूरी रात उस थोड़े से तेल से जलता रहता था। यह प्रभु का एक चमत्कार ही साबित हुआ। इसे देखकर लोगों का विश्वास और भी दृढ़ होता गया और माता मरियम के भक्तों की संख्या भी धीरे–धीरे बढ़ने लगी।

1962 में गाँव के बाहर जमीन खरीदकर एक छोटा सा चर्च बनाया गया। 1968 में आसमी धर्मबहनों ने मिशन सेवा आरम्भ किया। 1972 में एक अस्पताल का निर्माण हुआ। 1988 में जीसस एण्ड मेरी संस्था की धर्म बहनों ने चिकित्सीय एवं समाज सेवा का कार्य संभाला। इसके साथ शिक्षण कार्य भी शुरु किया। 1990 में निष्कलंक माता स्कूल की स्थापना हुई, जहाँ कक्षा 10 तक की शिक्षा हिन्दी–अंग्रेजी माध्यम में आज सम्पन्न हो रही है। 1992 से 2001 तक की कई फादर लोगों के अथक प्रयास से गरीब बच्चों के लिए एक छात्रावास का कार्य सम्पन्न हुआ। 2016 जुलाई 31 को जैत में एक नए भवन की आशिष सम्पन्न हुई।

हम जैतवासी इस मिशन से जुड़े सभी महाधर्माध्यक्षों व पुरोहितों, धर्मबहनों व धर्म प्रचारकों को धन्यवाद अर्पित करते हैं। ईश्वर आपको आशीर्वाद प्रदान करे।

सचिन (प्रपौत्र सीरिया बाबा)
सहायक- धरम सिंह, जैत (मथुरा)

Our Faith and Belief

A new bar opened just opposite to the church. Some church authorities ran to the parish priest and informed him about this bar. The parish priest along with few parish council members approached to that bar man and requested him to move his bar to another place. But bar man was reluctant to move anywhere. All the attempts by the parish priest failed.

Now the only one possible way was prayer. Next Sunday he announced "brothers and sisters let us pray earnestly to God our Father that He may brighten the mind of that bar man. So that he move to another place. People started praying because they knew prayers can make wonders and bring about a healing. On that very night there was heavy rain and the lightning struck that bar building.Then within a second the bar building collapsed and got burnt.

The bar man was very angry. He filed a suit in the court. Then the court summoned both the parties. One side parish priest with his team and on another side that bar man with his friends. Judge listened both of them very carefully since it was the question of a divine power. After hearing he said "…Today we have this bar man who believes in the power of prayer and here we have parish priest who doesn'tbelieve in the power of prayers".

So friends what would have happened if the parish priest said "yes..?

Whatever it may be, this small incident puts a question mark on our faith and belief. Jesus has said in the Holy Bible "If you have faith as small as a mustard seed, then you can command the mountain uproot yourself and fall in the sea and it will obey you" Preaching big things and not practicing and whenever get a chance to proclaim the truth showing our back just like this parish priest. He would have told the judge that "yes, we prayed to God that he may brighten the mind of this bar man. But God's ways are different. We humans become helpless and we have to surrender our lives to Him.

Speak the truth and the truth will set you free.

J.P. Quadras, Mathura

DATES TO REMEMBER

OCTOBER

01 B.D. Fr. Varghese Kunnath
01 O.D. Fr. M.A. Jude
01 O.D. Fr. Louis Xess
05 B.D. Fr. Prakash D'Souza
07 B.D. Fr. Tomy V.A.
09 O.D. Fr. Preas Antony
11 O.D. Fr. G. Xavier
12 B.D. Fr. Saroj Kumar Nayak
21 B.D. Fr. Eugene Moon Lazarus
27 O.D. Fr. Shajun S.
27 O.D. Fr. Suthesh
27 O.D. Fr. Viniversal D'Souza
28 O.D. Fr. Siju Pindikanayil
28 O.D. Fr. Tony D'Almeida
28 O.D. Fr. Santiago Raj
28 O.D. Fr. Pasala Joseph Kumar
28 O.D. Fr. Praveen Moras
28 O.D. Fr. Praveen D'Costa
28 O.D. Fr. Prakash Rodrigues
28 O.D. Fr. Santeesh Antony
29 O.D. Fr. Mariyan Lobo
29 B.D. Fr. Thomas K.C.

A Father To His Child

I am always yours.
What you may be,
How you may be,
Where you may be,
Why you may be,
I am your father and proud of you.
My love and affection may not have a noticeable gesture,
But you are always in my deepest heart.
My anger may have spoken harsh and agonising words,
But my heart weeps all those moments.
My care may have expressed rebukes,
But my hands remain your protection.
My queries may have shown irritation,
But my thoughts are occupied with your wellbeing.
My corrections may not be courteous,
But my wish and expectations want you to achieve success.
My guidance may have never been gentle,
But my prayers always plead for your victory.
My attitude may not be kind,
But my heart always longs for your independence.
I couldn't have a father like yours,
But I try my best to give what I had lacked.
My approach may have been arrogant,
But my appreciation is what you deserve.
Be yourself, not my resemblance.
Have your wish fulfilled, not my expectations.
Live your life, not my commands.
I am always yours.
Believe in God,
Believe in yourself,
Believe in your Mother,
Believe in your Siblings,
Be bold when you are right,
Be humble when you are wrong.
At times of hardship and struggles just look down and there you are on my shoulders.
I love you not in words alone but in my heart and soul.

- Chinnadurai Amalaselvan, Hathras

मुखौटा

अपने चहरे पर कई
चेहरे लगाते हैं लोग
क्या वजह है जो
अपनी पहचान छिपाते हैं लोग।

कभी जिंदगी से रू–बरू,
होऊँगी तो पूछूँगी
क्यों मुखौटे को अपनी
पहचान बनाते हैं लोग।

जो किस्मत में लिखा है
वो पूरा नहीं पड़ता
फिर क्यों दूसरों की
किस्मत चुराते हैं लोग

उधार के रूपयों में सिर्फ पेट भरता है,
आत्मा तृप्त नहीं होती,
उतरन से सिर्फ तन ढकता है
मन की लालसा कैसे छिपाओगे।

चेहरे पर मुखौटा लगाने से
असयिलत नहीं छिपती,
शरीत तो वस्त्र है,
अंतर आत्मा को कैसे समझाओगे।

—अंजलीना मोसस, आगरा

Lovely poem by Sri Ram Jethmalani, who died at 95

Sometimes in the dark of the night,
I visit my conscience
To see if it is still breathing,
For its dying a slow death
Every day.

When I pay for a meal in a fancy place.
An amount which is perhaps the monthly income
Of the guard who holds the door open.
And quickly I shrug away that thought,
It dies a little.

When I buy vegetables from the vendor,
And his son chhotu smilingly weighs the potatoes,
Chhotu, a small child, who should be studying at school.
I look the other way
It dies a little.

When I am decked up in a designer dress,
A dress that cost a bomb
And I see a woman at the crossing,
In tatters,trying unsuccessfully to save her dignity.
And I immediately roll up my window.
It dies a little.

When I buy expensive gifts for my children,
On return, I see half clad children,
With empty stomach and hungry eyes,
Selling toys at red light
I try to save my conscience by buying some, yet
It dies a little.

When my sick maid sends her daughter to work,
Making her bunk school
I know I should tell her to go back.
But I look at the loaded sink and dirty dishes,
And I tell myself that is just for a couple of days
It dies a little.

When I hear about a rape
or a murder of a child,
I feel sad, yet a little thankful that it's not my child.
I can not look at myself in the mirror,
It dies a little.

When people fight over caste creed and religion.
I feel hurt and helpless
I tell myself that my country is going to the dogs,
I blame the corrupt politicians,
Absolving myself of all responsibilities
It dies a little.

When my city is choked.
Breathing is dangerous in the smog ridden metropolis,
I take my car to work daily ,
Not taking the metro,not trying car pool.
One car won't make a difference, I think
It dies a little.

So when in the dark of the night,
I visit my conscience
And find it still breathing
I am surprised.
For, with my own hands
Daily, bit by bit, I kill it, I bury it.

– Sri Ram Jethmalani

Saint of the Month

St. Luke

Feast Day : 18 October

St. Luke was one of the four Evangelists. Since the 2nd century he has been regarded as the author of the Third Gospel and its sequel, the Acts of the Apostles.

Luke's name—of Latin origin—indicates that he apparently was not of Jewish derivation. The earliest surviving testimony describes him as a Syrian from Antioch. His abundant acquaintance with the Antiochean Church, as well as his knowledge of literary Greek, both illustrated in his writings, supports this testimony. Tradition and one text of St. Paul's (Colossians 4:14) say that Luke was a trained physician. His Gospel exhibits a Greek literary style absent from the other Gospels and documents of the New Testament. Luke, apparently, was a well-educated man. His Greek was as polished as that of such classical writers as Xenophon.

Luke's association with the disciples of Jesus probably began after Christ's death, in the early 30s of the 1st century. His Gospel reveals a special acquaintance with Mary, the mother of Jesus, and tradition describes him as a friend and companion of Paul and of Mark. When Paul began his second missionary journey, about 49 A.D., Luke became a member of the party, joining Paul at the town of Troas and traveling to Macedonia with him (Acts 16: 11-12). Luke then probably remained at Philippi, rejoining Paul when he had finished his third missionary journey and was returning to Jerusalem (Acts 20:5, 26:18). The Acts further say that Luke accompanied Paul when Paul was taken as a prisoner to Rome to be judged by Caesar (Acts 27:1, 28:26). The contents of Paul's letters to Philemon (24) and Timothy (II, 4:11) reveal that Luke probably stayed with Paul until Paul's death. A document called the Anti-Marcionite Prologue, which dates from the end of the 2nd century, says that Luke died unmarried in Boeotia or Bithynia at the age of 84 toward the end of the 1st century.

Luke's authorship of the Third Gospel has not been seriously disputed. Nor has the attribution of the Acts of the Apostles to him been questioned. Luke's Gospel is clearly related to the Gospels of Mark and Matthew both in content and in structure; all three drew on a common source. Luke, however, used a second source unknown to either Matthew or Mark. Scholars have surmised that this source may have been Mary, the mother of Jesus, and her closest friends, all of whom knew Jesus intimately.

The story of Jesus is presented by Luke within a tripartite view of human history. According to his view, the lifetime of Jesus occupied the central position, being preceded by the time of the Law and the Prophets and being followed by the time of the Christian Church. Scholars have assigned the composition of Luke's Gospel to between 70 and 80. Both internal and external evidence indicate that it was composed outside Palestine and intended for use by non-Jews.

सेंट पैट्रिक्स चर्च, आगरा में बालिका दिवस की धूम

काथलिक चर्च में 8 सितम्बर को बालिका दिवस मनाया जाता है, परन्तु हमारी सेंट पैट्रिक्स पल्ली में रविवार 19 सितम्बर को बालिका दिवस का आयोजन किया गया। सबसे पहले सभी बालिकाओं ने बैज लगाकर; जिस पर लिखा था, ''मैं मूल्यवान हूँ'' जुलूस के साथ गिरजाघर में प्रवेश किया। सभी बालिकाओं ने भक्तिपूर्वक मिस्सा बलिदान में भाग लिया। दोनों पाठ और विश्वासियों के निवेदन बहुत ही निपुणता के साथ पढ़े गए। गायन मण्डली में भी बालिकाओं द्वारा सुंदर एवं भक्तिपूर्ण गीत गाये गए। प्रस्तावना श्री जूड नाडर ने पढ़ी, जिसमें बालिकाओं को सौभाग्यवती बताया गया एवं उनके अन्य गुणों पर भी जोर दिया गया।

मेहमान पुरोहित श्रद्धेय फादर क्रिस्टोफर मसीह (एस एफ एक्स), श्रद्धेय फादर जूड, श्रद्धेय फादर ग्रेगरी (पल्ली पुरोहित), श्रद्धेय फादर शाजुन (सहायक पल्ली पुरोहित) ने मिस्सा बलिदान चढ़ाया। पवित्र मिस्सा में बालिकाओं के लिए विशेष प्रार्थना हुई।

फादर जूड ने अपने प्रवचन में पवित्र बाइबिल की कुछ प्रमुख महिलाओं की अहम भूमिकाओं के बारे में बताया, जिनमें रूत एक उत्कृष्ट बहु थी और एस्तेर ने अपनी जाति को बचाने के लिए अपना संपूर्ण सहयोग दिया था। यूदित ने अपने देश को बचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया, हन्ना ने एक भक्तिपूर्ण जीवन बिताते हुए एक उच्चतम माँ का जीवन बिताया। सबसे उच्च एवं उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में माता मरियम हैं, जिन्होंने बाल्यकाल से ही एक आज्ञाकारी बालिका का जीवन जीया और अंत तक पिता परमेश्वर की आज्ञा का पालन किया। इन सभी ऐतिहासिक महिलाओं ने सम्पूर्ण मानव जाति का मार्ग प्रदर्शित किया।

— फादर ग्रेगरी थरायल

सेंट मेरीज़ चर्च, आगरा में वोटर आई डी कार्ड शिविर



आगरा 12–13 सितम्बर। सेंट मेरीज़ चर्च के विश्वासी श्री ईशान मैथ्यु (सपा कार्यकर्ता) के सहयोग से रविवार–सोमवार (12–13 सितम्बर) को चर्च प्रांगण में वोटर आई–डी कार्ड बनाने का शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन सहायक पल्ली पुरोहित फादर प्रकाश रॉड्रिग्ज़ की प्रार्थना के साथ हुआ। शिविर में करीब 50 लोगों ने पंजीकरण कराया।

DEXCO Elections held in the Cathedral Parish

Agra, 16 Sep. Finally after the Pandemic, the elections of the new office bearers in the Cathedral Parish, were held in St. Joseph's Pastoral Centre, Agra. Rev. Fr. Ignatius Miranda, Parish Priest presided over the ceremony.

Prior to the elections, a talk on leadership was given by Fr. Dominic Geroge, Regional Youth Director (DYD). In his talk he explained the role of a Catholic Youth in the Church and in Society at large. He briefly highlighted the virtues of a true leader in the Church. Then the elections of the new office bearers were conducted. Senior youth Alex Wilson helped in conducting the elections by secret ballot system.

The newly elected office bearers are; Olive Lazlie (President), Aron Joshi (Vice Presidence), Ashleen Wilson (Secretary), Cyril Richard (Treasurer), Melvin Robert (Media Incharge), Caron Wilson (Liturgy Incharge) and Brighty Paul (Cultural Incharge).

Once the new team of the office bearers was elected, the old and out going office bearers were given farewell. Ms. Blueleaf Olvin, Aryan, Steve Swamy and Ashleen Wilson were acknowledged for their selfless services rendered to the Parish.

Rev. Fr. Dominic George, Fr. Lawrence, Fr. Viniversal D'Souza, Sr. Pasha, RJM and Mr. Olvin Sohanlal (Youth Animator) were present for the meeting. The ceremony came to its halt with some light refreshment. **-Ashleen Wilson**

संत जूड पल्ली, कौलक्खा, आगरा में बालिका दिवस मनाया गया

19 सितम्बर को संत जूड पल्ली कौलक्खा में पल्ली पुरोहित फादर राफी के प्रयास व फादर शीजु, सिस्टर सोफिया व महिला मण्डल के सहयोग से बालिका दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से बालिका दिवस मनाया गया। मिस्सा में पल्ली की सभी बालिकाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। उनके अभिभावकों ने उनका भरपूर सहयोग किया। मिस्सा में दोनों पाठ तथा विश्वासियों के लिए निवेदन भी बालिकाओं द्वारा पढ़े गए। चढ़ावे के लिए भी सभी बालिकाओं ने अपनी क्षमता अनुसार चढ़ावा अर्पित कर मिस्सा में अपना योगदान दिया। अपने प्रवचन में फादर राफी ने बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य बताया। उन्होंने बताया कि बालिकाओं के अधिकारों के प्रति आज समाज को जागरुक होने की आवश्यकता है जिससे एक सुरक्षित वातावरण बालिकाओं को दिया जा सके। वे घबराएं नहीं अपितु हर क्षेत्र में बेझिझक होकर आगे बढ़ें और कामयाबी पाएं।

बेटी बोझ नहीं सम्मान है, बेटी गीता और कुरान है।
घर की प्यारी सी मुस्कान है, बेटी माँ-बाप की जान है।

— अंजलीना मोसस, कौलक्खा, आगरा

आगरा महाधर्मप्रांत के लिए नई युवा समिति का चयन

आगरा, 19 सितम्बर। यह हम सभी युवाओं के लिए एक विशेष दिन था, जब धर्मप्रांत की चारों डीनरियों (आगरा, मथुरा, अलीगढ़ और नोएडा) के लगभग 80

युवक-युवतियाँ अपने अनुप्राणदाताओं के साथ नई युवा समिति के चुनाव के लिए सेंट जोसफ पास्टोरल सेण्टर, आगरा में एकत्र हुए।

समारोह की शुरुआत में युवा निदेशक फादर प्रकाश डिसूजा ने ईश्वर से सभी युवाओं के लिए प्रार्थना की। युवा अध्यक्षा हेलेना टोप्पो ने पवित्र धर्मग्रंथ से एक पाठ पढ़ा। इसके बाद मुख्य वक्ता फादर (डॉ.) संतोष डीसा ने सभी युवाओं को सम्बोधित करते एक प्रभावशाली भाषण दिया। उन्होंने अपने भाषण में युवाओं को सिखाया, कि वे किस प्रकार अपने जीवन में परिवर्तन ला सकते हैं, क्योंकि बदलाव हमेशा उन्नति की ओर ले जाता है।

तत्पश्चात आयुषी फ्रेंक और ऐलेक्स विल्सन ने उपस्थित युवाओं को समझाया कि, कैसे वे नई युवा समिति के साथ सहयोग करके नई बुलन्दियों को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने यह भी समझाया कि हम युवा कलीसिया के लिए क्या योगदान दे सकते हैं? कैसे हम कलीसिया के साथ मिलकर काम कर सकते है।

मध्यान्ह पूर्व फादर प्रकाश डिसूजा ने सभी युवाओं के लिए पवित्र मिस्सा बलिदान चढ़ाया। फादर अरुण लसरादो ने प्रवचन दिया।

मध्यान्ह भोजन के बाद दिन का मुख्य कार्यक्रम अर्थात् नई युवा समिति का चुनाव कार्य प्रारम्भ हुआ। प्रान्तीय युवा निदेशक फादर डॉमिनिक जॉर्ज, फादर प्रकाश डिसूजा और महाधर्मप्रांत की महिला अनुप्राणदात्री सिस्टर सविता बिरजी के निर्देशन में मत डालकर चुनाव सम्पन्न हुए। नई समिति के निर्वाचित युवा पदाधिकारी इस प्रकार हैं;

1. अध्यक्ष- रूबल प्रकाश (अलीगढ़)
2. उपाध्यक्ष- जेनिफर जे. एन्थोनी (सेंट थॉमस, आगरा)
3. सचिव- नीरज कुमार (अजय नगर, मथुरा)
4. कोषाध्यक्ष- फेलविन रेजी (सेंट मेरीज़, नोएडा)
5. युवक प्रतिनिधि- सुमिन सैमुअल सिवोल (ग्रे. नोएडा)
6. युवती प्रतिनिधि- देविना लाम्बा (सेंट मेरीज़, आगरा)
7. मीडिया प्रभारी- मेलविन रॉबर्ट (कथीड्रल, आगरा)

इनके साथ ही प्रत्येक डीनरी से एक युवक और एक युवती प्रतिनिधि भी निर्वाचित किए गए, जो अपनी डीनरी में इस नव निर्वाचित युवा समिति का सहयोग करेंगे। शपथ ग्रहण के पश्चात नई समिति ने कार्यभार संभाला तथा निवर्तमान (पुरानी) समिति के पदाधिकारियों को भावभीनी विदाई दी। इसके साथ ही नए सहयोगी यूथ निर्देशक फादर अरुण लसरादो का धर्मप्रांतीय युवा समिति में हार्दिक स्वागत किया गया।

समारोह के मुख्यातिथि अतिश्रद्धेय महाधर्माचार्य डॉ. राफी मंजलि थे। उन्होंने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी और समाज व कलीसिया में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे मे समझाया।

हम अपने सभी धर्माध्यक्षों, पुरोहितों धर्मभाई-बहनों और अनुप्राणदाताओं के प्रति आभारी हैं, जिन्होंने हमें जिम्मेदारी की भावना से काम करना सिखाया और हमारे व्यक्तिगत विकास में अहम भूमिका निभाई। आशा ही नहीं किन्तु पूर्ण विश्वास भी है, कि हमारी नई युवा कार्यकारिणी समिति और भी अधिक सेवा भावना के साथ काम करेगी। हमारा सहयोग और मार्गदर्शन, हमेशा उन्हें मिलता रहेगा। हम सभी युवाओं को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे, ताकि जन जन तक ख्रीस्त का संदेश पहुँचा सकें। **— एलेक्स विल्सन**

महाधर्माध्यक्ष के संरक्षक संत का महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

आगरा, 28 सितम्बर। कलीसिया प्रतिवर्ष 29 सितम्बर को महादूतों मिखाएल, गाब्रिएल और रफाएल का महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाती है।

इस वर्ष हमने एक दिन पूर्व (28 सितम्बर) को यह महापर्व मनाया, क्योंकि 29 तारीख को महाधर्माध्यक्ष जी को संत मिखाएल मिशन (अनूपनगर), मथुरा में पल्ली पर्व के लिए जाना था। समारोह के प्रारम्भ में धर्मप्रांत के सभी पुरोहित अपनी मासिक चुप्पी (आराधना) के लिए महागिरजाघर में जमा हुए। इस अवसर पर फादर सरोज नायक ने पुरोहितिक बुलाइट और वर्तमान समय में आने वाली चुनौतियों पर एक सारगर्भित संदेश दिया। अधिकांश पुरोहितों ने व्यक्तिगत रूप से पाप स्वीकार करके आध्यात्मिक तैयारी की।



तत्पश्चात सभी पुरोहितों के साथ मिलकर महाधर्माध्यक्ष डॉ. राफी मंजलि ने महादूतों के आदर में पवित्र यूखरिस्त चढ़ाया। अपने सुन्दर प्रवचन में महाधर्माध्यक्ष जी ने हमारे जीवन में महादूतों की उपस्थित और भूमिका को विस्तार से सझाया।

मिस्सा के बाद गिरजाघर में ही एक अभिनन्दन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी पुरोहितों की ओर से फादर सेबास्टियन कुल्लीथानम ने महाधर्माध्यक्ष जी का अभिनन्दन किया। कथीड्रल के विभिन्न धार्मिक संगठनों द्वारा स्वामी जी को पुष्प गुच्छ दिए गए, जबकि वरिष्ठ पुरोहित फादर जोस मालिएकल ने एक शॉल ओढ़ाकर उनका अभिनन्दन किया। गायन मण्डली ने अवसरानुकुल बधाई गीत गाया।

सहायक पल्ली पुरोहित फादर विनिवर्सल डिसूजा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। पल्ली पुरोहित फादर इग्नेशियस मिराण्डा की ओर से लड्डू खिलाकर सबका मुँह मीठा कराया गया। **—फा. विनिवर्सल डिसूज़ा**

Rt. Rev. Bishop P.P. Habil felicitated on his 8th Anniversary of Consecration

Agra, 29 Sep. Rt. Rev. P.P. Habil (Bishop of Agra Diocese-CNI) celebrated the Eighth Annivesary of Consecrated and Dedicated Life and Service to God and humanity. A special Thanksgiving service was organised on September 29, 2021 at St. George's Cathedral, Sadar Bazar, Agra Cantt. The Agra Diocese (Church of North India) consists of the whole of Western U.P., Uttrakhand etc. previously it was a part of the Diocese of Lucknow. There are about two dozen Presbyters (Pastors) working in Agra Diocese.

Rev. Fr. Varghese Kunnath (Director- Sadbhawana), Fr. Eugene Moon Lazarus (Director- Ecumenism) and Fr. Viniversal D'Souza (Asstt. Parish Priest- Cathedral) felicitated His Lordship in his Curia Office and wished him well on behalf of the Archbishop and Archdiocese. Later Fr. Varghese Kunnath, Fr. E. Moon Lazarus and Fr. Jacob Palamattom (Director - Dev Darshan, Agra Diocesan You Tube Channel and Principal of St. Paul's Inter College, Agra) joined in a fellowship dinner at St. Paul's Church College, Agra.

Bishop Deepak Tauro visits St. Lawrence Seminary, Agra

Agra, 30 Sept. Newly consecrated Bishop Deepak Valerian Tauro visited St. Lawrence

Seminary and Prem Daan (Missionary of Charity Home), Agra on the very next day of his Episcopal Consecration (Sep. 29, 2021) in New Delhi.

His Lordship along with his family members and friends first visited the Taj Mahal, Numero Uno and then famous Agra Red Fort. He was mesmerised to behold the beauty of both monuments.

Later, he addressed the young seminarians of St. Lawrence Seminary, Agra. He said, he considers it was a divine plan to visit this seminary and begin his ministry as a shepherd. He was 19 years in formation (forming the young souls into priesthood). Rev. Fr. Praksh D'Souza (Rector) and Fr. Louis Xess felicitated him with a shawl and bouqet, while the Brothers sang a congratulation and welcome song.

After spending a considerable time in the seminary, he visited Prem Daan, and appreciated the Missionaries' hardwork. As the time was running short he left for his Karmabhoomi (Delhi Archdiocse). **- Khabrinandan**

विवाह पूर्व तैयारी प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

आगरा, 2-3 अक्टूबर। इस वर्ष का दूसरा विवाह पूर्व तैयारी प्रशिक्षण शनिवार 2 अक्टूबर से रविवार 3 अक्टूबर को स्थानीय सेंट जोसफ पास्टोरल सेण्टर, आगरा में सम्पन्न हुआ। शिविर में महाधर्मप्रांत की विभिन्न पल्लियों व मिशन स्टेशनों से 26 युवक-युवतियों ने भाग लिया। ये युवा इसी वर्ष या आने वाले दिनों में विवाह सूत्र में बंध जाने वाले हैं। शिविर में पहले दिन फादर जॉन रोशन परेरा ने कलीसिया में माता-पिता की भागीदारी तथा श्रीमती मॉली जोस ने शुद्धता (हाइजिन) और परिवार नियोजन, तलाक, गंभीर जैसे मुद्दों पर प्रकाश डाला।

दूसरे दिन रविवार को फादर जेकब पालामट्टम (साजी) ने परिवार/दम्पत्ति के बीच आपसी संवाद पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात फादर (डॉ.) संतोष डीसा ने विवाह की कानूनी मान्यता व आवश्यकता को समझाया। फादर डॉमिनिक जॉर्ज ने मसीही परिवेश में बच्चों की परवरिश के बारे में बताया। तत्पश्चात फादर यूजिन मून लाजरस ने ख्रीस्तीय-विवाहित जीवन में धार्मिक वातावरण व प्रार्थना का महत्व समझाया। इसके बाद श्रद्धेय फादर इग्नेशियुस मिराण्डा ने सभी प्रतिभागियों के लिए पवित्र मिस्सा बलिदान चढ़ाया।

दोपहर के भोजन के बाद महाधर्मप्रान्त के चांसलर श्रद्धेय फादर भास्कर जेसुराज ने विवाहित जीवन में एक दूसरे को समझने व स्वीकार करने की बात बताई। अंतिम कक्षा में फादर संतोष ने वैवाहिक जीवन में सकारात्मक प्रेम पर प्रकाश डाला।

मूल्यांकन के बाद फादर इग्नेशियस मिराण्डा ने सभी उम्मीदवारों को शिविर में भाग लेने का प्रमाण पत्र देते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की तथा उन्हें आशीर्वाद दिया। महाधर्मप्रांत में परिवार व लोकधर्मी आयोग के निदेशक फादर (डॉ.) संतोष डीसा ने बताया कि अगला शिविर अगले वर्ष मार्च के अन्त में होगा। अब प्रतिवर्ष दो बार इस तरह के शिविर आयोजित किए जाएंगे।

—खबरीलाल

गाँधी-शास्त्री जयन्ती पर देश में शान्ति और सद्भावना के लिए सभी गिरजाघरों में प्रार्थना सभाएं आयोजित

आगरा, 3 अक्टूबर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री की जयन्ती के अवसर पर शहर के सभी गिरजाघरों व संस्थाओं में देश की अखण्डता, शांति और सद्भावना के लिए विशेष विचार गोष्ठियां और सर्वधर्म प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं।

इस अवसर पर स्थानीय सेण्ट्रल मैथोडिस्ट चर्च में आगरा शहर के विभिन्न गिरजाघरों के संयुक्त सौजन्य से एक सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता श्रदेय पादरी सिल्वेस्टर मैसी ने की। प्रार्थना सभा में विभिन्न धर्मग्रन्थों से पाठ पढ़े गए व उन पर प्रार्थनाएं की गईं। देश के संविधान, संवैधानिक मूल्यों, राष्ट्राधिकारियों, सरकारी अधिकारियों, विभिन्न धर्म संप्रदायों के मध्य परस्पर शांति और भाईचारे के लिए देश की सभी महिलाओं, शोषित व बीमार लोगों, युवाओं व बच्चों, किसानों और बेरोजगारों के लिए विशेष प्रार्थना की गई। विषय व जयन्ती से सम्बन्धित भजन व गीत गाए गए। अध्यक्ष पादरी सिल्वेस्टर मैसी ने देश में सद्भावना के लिए मुख्य रूप से प्रार्थना की।

सेंट मेरीज़ चर्च के मीडिया प्रभारी फादर मून लाजरस ने सभा का संचालन किया। डॉ. राजू थॉमस ने भारतीय संविधान का महत्व समझाया। फादर वर्गीस कुन्नत ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। प्रार्थना सभा में शहर के विभिन्न गिरजाघरों के पुरोहितों पादरी हॉरिस लाल, रेव्ह. हैरी सिंह, पास्टर नवरत्न सिंह, पास्टर महेश चन्द, श्री प्रवीण मिश्रा, कुछ विश्वासियों के अतिरिक्त सेंट लॉरेन्स गुरुकुल के छात्रों ने भी भाग लिया। **— डॉ. राजू थॉमस**

संत जूड पल्ली में युवाओं की बैठक आयोजित

आगरा, 3 अक्टूबर। सेंट जूड पल्ली, कौलक्खा, आगरा के युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पल्ली पुरोहित श्रद्धेय फादर राफी के प्रयास से पल्ली के युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन फादर डॉमिनिक जॉर्ज, प्रान्तीय युवा निदेशक द्वारा किया गया। फादर डॉमिनिक के साथ महाधर्मप्रांतीय युवा समिति के सदस्य भी उपस्थित थे।

अपने संदेश में फादर डॉमिनिक ने सभी युवाओं से टीम भावना से काम करने का आह्वान किया। इससे होने वाले लाभ भी युवाओं को सुझाए। उन्होंने यह भी समझाया कि किस प्रकार से उन्हें अपने भावी जीवन में सच्चे ख्रीस्तीय की भांति काम करना है। पल्ली की ओर से महिला अनुप्राणदात्री (ऐनीमेटर) सिस्टर जीन थॉमस ने भी युवाओं को सम्बोधित किया। पल्ली पुरोहित फादर राफी की ओर से सभी मेहमानों व युवाओं के लिए स्वजलपान का प्रबन्ध किया गया था।

— अंजलीना मोसस, कौलक्खा, आगरा

Agra Joint Cemetery Committee, Agra held its Annual General Meeting

Agra, Oct. 6. The AJCC (Agra Joint Cemetery Committee, Agra) conducted it's General Body Meeting on Tuesday 5 Oct. 2021 at St. Joseph's Pastoral Centre, Agra. Our both

Patrons Most Rev. Dr. Raphy Manjaly and Rt. Rev. Dr. P.P. Habil (Bishop of Agra Diocese-CNI) presided over the meeting. 16 members from various Churches attended it.

The members introduced themselves to one another. The new members were warmly welcomed. Bishop P.P. Habil presented a bouquet of flowers to the Archbishop Raphy Manjaly, while Rev. Gibrael Dass of St. John's Church, Hospital Road, honoured His Grace with a shawl and welcomed him on board (AJCC, Agra).

Various serious and relevant issues were discussed in the meeting. Then both patrons addressed the members, assuring them all required help, guidance and support.

Sri Praveen Mishra, Joint Secretary proposed the vote of thanks. Rev. Gibrael Dass said the final prayer, while the Archbishop gave the benediction. Thus, with some light refreshments the meeting came to its close.

- Fr. E.M. Lazarus

फातिमा अस्पताल, आगरा में 11वाँ ए.एन.एम. बैच प्रारम्भ

आगरा, 7 अक्टूबर। फातिमा अस्पताल, आगरा में 11वें एन.एम. बैच का दीप प्रज्वलन कर विधिवत् प्रारम्भ हो गया। अवसर पर अस्पताल के प्रेक्षागृह में एक विशेष दीप प्रज्वलन समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता श्रद्धेय फादर सेबास्टियन कोलीथानम ने की।

समारोह की शुरुआत छात्रा शालिनी द्वारा दिए गए स्वागत भाषण से हुई। तत्पश्चात फादर सेबास्टियन, फादर मून लाजरस, सिस्टर जॉली फ्रांसिस, श्रीमती मौली जोस एवं श्री अजय द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। तीन छात्राओं कोमल, रेचल और हर्षिता पॉल द्वारा एक प्रार्थना नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके बाद नए 11वें बैच की सभी बारह छात्राओं द्वारा एक-एक करके अपना परिचय दिया गया। तत्पश्चात कु. राजश्री ने एक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया।

वरिष्ठ सिस्टर एमिली और अस्पताल प्रशासिका सिस्टर अंकिता मेरी के निर्देशन में सभी नई छात्राओं द्वारा हाथों में जलते दीप लेकर नर्सिंग सेवा की शपथ ली गई।

मुख्यातिथि फादर सेबास्टियन ने सभी छात्राओं को एक मोटीवेशनल टॉक (प्रेरणादायक भाषण) दिया। उन्होंने अपने सम्बोधन में सभी छात्राओं को फ्लोरेन्स नाईटिंगल्स के जीवन से प्रेरणा लेकर अपनी योग्यता का परिचय देने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि छात्राओं को अपनी प्रतिभाओं को निखारना होगा और इस चुनौतीपूर्ण युग में अपनी एक अलग पहचान बनानी होगी।

आध्यात्मिक गुरु फादर मून लाजरस ने भी छात्राओं से ईमानदारी, वफादारी और लगन की भावना से अपना प्रशिक्षण लेने एवं उसके उसके बाद निष्ठापूर्वक कार्य करने की सलाह दी।

सीनियर प्रशिक्षिका सिस्टर (श्रीमती) मौली जोस ने ने कहा, कि एक नर्स सेवा करने के साथ-साथ अपने परिवार के भरण पोषण के लिए काम करती है। संसार के हर क्षेत्र में नर्स की जरूरत होती है, इसलिए उसे काम मिल जाता है। हमें पूरी ईमानदारी से अपना काम करना चाहिए।

इस अवसर पर गत वर्ष के 10वें बैच की छात्राओं को सर्टिफिकेट और पुरस्कार प्रदान किए। छात्रा मेहजबीन को सर्वाधिक अंक पाने के लिए सम्मानित किया गया। श्री मयंक (असल उत्तर परियोजना के प्रोजेक्ट मैनेजर)

ने भी अपने अनुभव छात्राओं के साथ बांटे। कु. पूजा ने सभी के प्रति धन्यवाद दिया। इस प्रकार यह समारोह समाप्त हो गया।— **कु. शालिनी व कु. रेचेल, आगरा**

Sr. Clementine RJM celebrated her Diamond Jubilee

Agra, 10 Oct. Rev. Sr. Clementine RJM of St. Anthony's Junior College community celebrated Diamond Jubilee of her committed religious life. Due to pandemic protocal, a limited number of religious Sisters, friends and family members were invited for the celebration. To mark the solemnity, a thanksgiving Holy Mass was offered in the Convent Chapel. The preparation of the Jubilee celebration had begun much earlier. Rev. Fr. Prakash D'Souza, Rector of St. Lawerence Seminary was the main celebrant. Rev. Sr. Lucy D'Souza, Superior of the community gave a warm welcome to all invitees. She in a nutshell highlighted the life sketch and the services rendered by the jubilarin Sr. Celementine.

Rev. Fr. Santosh D'Sa preached a memorable homily, stating the challenges and difficulties faced by the religious all along their spiritual journey. But the Lord supports and strengthens the called, and looks on them steadily with love and compassion. That's the secret of our religious life. Prior to the Mass, Fr. Eugene Moon Lazarus gave a short introduction of the Jubilee Mass.

Mr. Harold Swamy, elder brother of Sr. Clementine with his family from Noida, RJM Sisters from St. Patrick's Convent, Agra and Nishkalanka Mata Church, Jaith (Mathura) participated in the Mass. Mr. Lokesh with his choir sang the melodious hymns to sooth the occasion.

After the Mass Sr. Clementine proposed the vote of thanks, acknowledging everyone's role in her life and ministry. Later a jubilee cake was cut and a banquette was served to all guests present. **- Meena Pollock**

New Youth Bearers elected in Sts. Simon & Jude's Parish, Agra

Agra, 10 Oct. Under the able guidance of our new Parish Priest Rev. Fr. Raphy, the elections of the new youth office Bearers were conducted. Along with Parish Priest Rev.Sr. Jean Thomas (CHF) and Rev. Sr. Sophie Dabre (Helpers of Mary) were also present for the meeting.

Rev. Fr. Raphy said the opening prayer. As per rules laid down by DEXCO, our elections were conducted.

The following members were elected, Aaron Moses (President), Shierley Paul (Vice President), William Dass (Secretary), Patrick Dass (Treasurer), Abhishek Lawrence (Boy Representative), Roseline Titio (Girl Representative) and Anugraha Babu (Media Incharge).

We hope and pray that our new office bearers will work with team spirit and thus make constructional changes for the betterment of the society. **-William Dass**

Archdiocese At A Glance

संत फ्रांसिस ज़ेवियर चर्च, एटा में माता मरियम का जन्मदिवस मनाया गया

8 सितम्बर को माता मरियम का जन्म दिवस धूमधाम से मनाने के सिलसिले में 29 अगस्त को सुबह 8 बजे माला विनती के साथ पल्ली पुरोहित फादर अरुल कुमार द्वारा माता मरियम के ध्वज पर आशीष दी गयी। तत्पश्चात आदरणीय सिस्टर पीटर एवं श्रीमान जोस ने उस ध्वज को श्रद्धापूर्वक आरोहित किया।

30 अगस्त को श्रद्धेय फादर जिप्सन पालाट्टी, फादर फ्रांसिस डिसूजा एवं उपयाजक कुलकान्त ने नोवेना प्रार्थना की शुरुआत की। 8 सितम्बर को माता मरियम के ध्वज को फादर स्टेनी ने उतारा। इसके बाद माता मरियम के जन्मदिवस के उत्सव के उपलक्ष्य में चर्च की परिक्रमा करते हुए भक्तिभाव के साथ माला विनती करते हुए चर्च में प्रवेश किया।

उस दिन के मुख्य याजक फादर मरियन लोबो थे। फादर स्टेनी ने अपने उपदेश में माता मरियम के जन्म के बारे में विस्तार से व्याख्या की। उन्होंने कलीसिया में माता मरियम के महत्व को समझाया कि माता मरियम का आदर, सम्मान एवं भक्ति भावना करना हम सभी ख्रीस्तीयों का आवश्यक कर्तव्य है। उन्होंने माता मरियम के माता-पिता के जीवन पर भी प्रकाश डाला। पूजन पद्धति गायन मण्डली को अधिक भक्तिमय बनाने में सिस्टर कृपा का विशेष सहयोग रहा।

इस प्रकार नोवेना प्रार्थना के साथ हमने आध्यात्मिक तैयारी करके माता मरियम के जन्मोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया। मिस्सा बलिदान के बाद सभी विश्वासियों के लिए प्रीतिभोज की व्यवस्था की गई थी।

— संगीता बैंजामिन, एटा

Feast of St. Vincent De Paul celebrated in Greater Noida

G. Noida, 26 Sept. The members of St. Vincent De Paul Society (St. Joseph's Church, G. Noida Unit) celebrated their Patron's Day. A lovely and meaningful Liturgy was organised by the members. Rev. Fr. Rogimon Thomas, Principal; Jesus & Mary School, G. Noida offered the Holy Mass for their intention. He appreciated the hard and selfless work being done by the society. He also mentioned that all the charitable works specially done during COVID-19 Pandemic were praiseworthy.

After the Holy Mass few photos were taken. The entire Church Community felicitated the members of St. Vincent De Paul Society. Rev. Fr. Vinoy Pullivelil proposed the vote of thanks towards everyone present.

अनूपनगर (मथुरा) में संत मिखाएल का महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

अनूपनगर (मथुरा) 29 सितम्बर। अनूप नगर मिशन के संरक्षक संत महादूत मिखाएल का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। वार्षिक पर्व की आध्यात्मिक तैयारी के लिए नौ दिवसीय (नोवेना) प्रार्थना और फिर 26-28 सितम्बर तक तीन दिवसीय (त्रिदुम) का आयोजन भी किया गया। इन तीन दिनों में फादर पीटर पारखे, फादर अरुण लसरादो और फादर जोबी ने पवित्र मिस्सा बलिदान चढ़ाया और प्रभावशाली प्रवचन दिया।

पर्व दिवस पर संत मिखाएल की पवित्र मूर्ति (डोली) सजाकर पूरे गाँव की परिक्रमा की गई। समारोह में बाहर से आए हुए विश्वासियों ने भी बड़ी भक्ति भावना के साथ भाग लिया। जुलूस की समाप्ति पर महाधर्माध्यक्ष डॉ. रॉफी मंजलि ने करीब बीस पुरोहितों के साथ गिरजाघर में संत मिखाएल के आदर में पवित्र मिस्सा बलिदान चढ़ाया। स्वामी जी ने अपने सुन्दर प्रवचन में स्वर्गदूतों की उपस्थिति, उन पर विश्वास और उनके महत्व पर प्रकाश डाला। ईश्वर अपने इन महादूतों की मदद से अपने लोगों की निरन्तर रक्षा करते हैं। पर्व के अवसर पर चर्च को रंगबिरंगे फूलों, झण्डियों आदि से सुन्दरतापूर्वक सजाया गया था। पर्व के लिए पल्लीवासियों के साथ-साथ एफ.सी.सी. धर्मसमाज की धर्मबहनों, उपयाजक कुलकान्त और पल्लीवासियों ने भरपूर सहयोग दिया।

गाँववालों ने अपनी प्राचीन परम्परा को जारी रखते हुए सभी गांववासियों और बाहर से आए सभी अतिथियों के लिए प्रीतिभोज का आयोजन भी किया।

हाथरस में पल्ली पर्व धूमधाम से मनाया गया

हाथरस, 4 अक्टूबर। हमारी पल्ली सेंट फ्रांसिस चर्च, हाथरस में पल्ली के संरक्षक असीसी के संत फ्रांसिस का महापर्व की धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व की तैयारी में सभी पल्लीवासियों ने पल्ली पुरोहित फादर सन्नी कोट्टूर एवं सहायक पल्ली पुरोहित फादर ज़ेवियर जी के निर्देशन में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर पर्व से पहले तीन दिवसीय प्रार्थना सभा व पवित्र मिस्सा बलिदान आयोजित कर आध्यात्मिक तैयारी की गई। पहले दिन पूर्व पल्ली पुरोहित फादर रॉबर्ट वर्गिस ने संत फ्रांसिस का ध्वज चढ़ाया व पवित्र मिस्सा अर्पित किया। दूसरे दिन फादर सन्नी ने मिस्सा चढ़ाया व प्रवचन दिया। इस दिन की याद में श्री प्रीतम किण्डो के बच्चे का बपतिस्मा हुआ। तीसरे व अंतिम दिन अर्थात् पर्व दिवस पर हमारे महाधर्माध्यक्ष डॉ. राफी मंजलि ने पल्ली व निकटतम पल्लियों से आए मेहमान पुरोहितों के साथ धन्यवाद का पवित्र मिस्सा बलिदान चढ़ाया। अपने प्रवचन में स्वामी जी के संत फ्रांसिस असीसी के जीवन पर प्रकाश डाला और हम सभी पल्लीवासियों से उनके समान प्रार्थनमाय सीधा सच्चा जीवन बिताने की अपील की।

मिस्सा के बाद सबने एक दूसरे को पर्व दिवस की बधाई दी। प्रीतिभोज के साथ समारोह समाप्त हो गया।

कु. अंशिता सुभाष, सेंट फ्रांसिस चर्च, हाथरस

Feast of Our Lady of Pilar celebrated in Dholpur (Raj.)

Dholpur, 10 Oct. The Patroness' Feast of our Church of Our Lady of Pilar was celebrated here in an atmosphere of great devotion and solemnity. The festive Mass was celebrated by our beloved Archbishop (Emeritus) Most Rev. Dr. Albert D'Souza. Fr. Anthony Fernandez, SFX (Prov. Secretary of Delhi Province) Fr. Dionisius, Principal of St. Mary's School, Morena, M.P., Fr. Alfredo Rodrigues, Parish Priest, Fr. Eusebio Gomes and Fr. Max Gonsalves, Curates of Dholpur Church concelebrated. The Abp. in His Homily highlighted the first apparition of Mother Mary to St. James in Saragossa in Spain in 40 AD standing on a pilar, said that we need to foster our devotion towards her as she leads us to Jesus.

The choir comprising of teachers and Missionary Sisters of Mother Mary sang melodious hymns under the direction of Fr. Alfredo Rodrigues. The Church, Altar and Statue of Our Lady of Pilar were beautifully decorated by our Sisters. Students of St. Xavier's School performed a prayer dance leading the celebrants to the Altar for the Eucharist. The Liturgy for Novena Masses and Feast Day Mass was prepared by Fr. Max. The celebration culminated with agape, the fellowship meal. **-Fr. Eusebio Gomes, SFX**

इंसानियत अभी जिन्दा है...

बात पिछले महीने की है। मैं रिचर्ड जॉन शाम को कथीड्रल हाउस से अपनी ड्यूटी करके अपनी एक्टिवा से वापिस अपने घर देवरी रोड की तरफ जा रहा था। रास्ते में त्योहार की वजह से काफी भीड़ थी। सदर बाजार में स्पीड ब्रेकर पर गाड़ी में झटके लगने के कारण मेरा मोबाइल फोन मेरी जेब से निकलकर रास्ते में कहीं गिर गया। लेकिन गाड़ी में झटके लगने के कारण मुझे इसका आभास नहीं हुआ। मेरे पीछे ही देवरी रोड के एक सज्जन व्यक्ति आ रहे थे। उन्होंने मेरे फोन को गिरते देख लिया था। उन्होंने अपनी बाइक रोककर मेरे फोन को उठा लिया और मुझे दो-तीन बार आवाज भी लगाई, लेकिन शोरगुल के कारण मुझे उनकी आवाज सुनाई नहीं दी। घर जाने के बाद मुझे पता चला कि मेरा फोन मेरे पास नहीं है, रास्ते में कहीं गिर गया। मैं बहुत परेशान हो गया। पत्नी का फोन लेकर अपने फोन पर कॉल लगाई। तुरन्त दूसरी ओर से एक सज्जन की आवाज आई। मैंने अपना परिचय दिया और अपने फोन के बारे में उन्हें बताया।

फिर उन्होंने जो कहा, उसे सुनकर मुझे अपने कानों पर विश्वास नहीं हुआ। उन्होनें बताया कि उन्होंने मेरा फोन गिरते समय देख लिया था। उन्होंने उसे उठाकर मुझे पुकारा भी था लेकिन मैंने उनकी आवाज नहीं सुनी थी। अब वो फोन उनके पास सुरक्षित था। मैं कभी भी उनसे जाकर ले सकता था। उन सज्जन ने बताया कि वह संजय प्लेस में काम करते हैं और देवरी रोड पर रहते हैं। कितना संयोग कि मैं भी संजय प्लेस के निकट ही काम करता हूँ और देवरी रोड पर ही रहता हूँ।

फिर हमारे बीच यह तय हुआ कि वो अपने घर जाते वक्त मधु नगर चौराहे पर उसी रात मुझे वो फोन दे जाएंगे। निर्धारित समय पर निर्धारित जगह पर हम दो अजनबी मिले। उन्होंने बड़ी ईमानदारी से मेरा मोबाइल फोन मुझे लौटा दिया। मैंने उन्हें चाय का ऑफर किया, तो बड़ी शालीनता से मना कर दिया और फिर अपने रास्ते चले गए। मैं उनसे उनका नाम-पता भी नहीं पूछ सका। मैं बस देखता ही रह गया। मेरे मुख से बस यही निकला '**अभी भी इंसानियत जिन्दा है।**'

रिचर्ड जॉन, कथीड्रल हाउस, आगरा

Msgr. Deepak V. Tauro consecrated as Auxiliary Bishop of Delhi Archdiocese

Delhi, 29 Sept. Msgr. Deepak Valerian Tauro was consecrated and installed as Auxiliary Bishop of Delhi at the historic Sacred Heart Cathedral, New Delhi.

Around 200 dignitaries were present with Archbishop Emeritus Vincent Michael Concessao of Delhi presiding over the ordination Mass held with strict adherence to Covid-19 protocols.

Archbishop Leopoldo Girelli, the Papal Nuncio to India and Nepal, and 14 Bishops from various dioceses of North India were present. The ceremony was telecast live on social media for thousands of faithful across the country.

Rev. Fr. Anthony Swamy of Muzaffarpur Diocese presented Msgr. Tauro before Archbishop Vincent Concessao to be ordained. Archbishop Anil Couto of Delhi Archdiocese preached a meaningful homily. Fr. Jose T.J. was Master of Ceremony and gave instructions and commentary during the well organised liturgy under the able supervision of Fr. Shaiju.

Speaking on the occasion, John Barla, the federal minister of state for minority affairs, appreciated the Catholic Church and its institutions for their selfless service to India's people. Justice Kurian Joseph, a former Supreme Court judge, appreciated Bishop Tauro's chosen motto, "**To be humanly holy,**" and said it was the need of the day and hour.

The Archbishop of Bombay, Oswald Cardinal Gracias, in his message said the "Archdiocese of Delhi based in the national capital is a very important place in the country and the face of the Church."

Pope Francis on July 16 appointed the then Father Tauro, Rector of St. Albert's College, Ranchi, as its auxiliary Bishop. The 54-year-old Bishop Deepak is a priest of the Diocese of Muzaffarpur, Bihar.

Bishop Tauro was born on Aug. 2, 1967, at Chikmagalur, Karnataka. He did minor seminary studies at Muzaffarpur and Philosophy in Kolkata.

He studied Theology at St. Albert's College, Ranchi and started his priestly ministry as an assistant parish priest at Samastipur in 1996.

The territory of Delhi was part of the Archdiocese of Simla after it was established on Sept. 13, 1910. On April 13, 1937, it was renamed as the Metropolitan Archdiocese of Delhi & Simla.

The Metropolitan Archdiocese of Delhi was established on June 4, 1959. Jammu-Srinagar, Jalandhar and Simla and Chandigarh are its suffragan dioceses.

The Catholic population of Delhi Archdiocese is about 100,300 and it has 61 parishes, 132 diocesan priests, 157 religious priests and 413 women religious. **- Courtesy- UCA News**

Archdiocese at a glance...cont.

Nativity of BVM, Etah

Girl Child Day in St. Patrick's & St. Jude's

New DEXCO Team, Agra Diocese

Patron's Feast, Anoop Nagar

Bp. Habil Felicitated, 8th Anniversary

Bp. Deepak (Delhi) in SLS, Agra

St. Francis remembered, Hathras

11th ANM Batch, Fatima Hospital, Agra

AJCC G. Body Meeting

Lady of Pilar invoked, Dholpur

Sr. Clementine RJM, Diamond Jubilee

Lest we forget...

Claudia Joshi (SMC)
11.05.2021

Vedant Saraswat
02.10.2021 (St. Peter's)

Smt. Isabella Rani
06.10.2021 (Cath.)

Smt. Lily Dass
09.10.2021(St. Patrick's)

Sr. Prabha Topno (FSM)
10.10.2021

Editorial Team : Fr. E. Moon Lazarus, Fr. Jacob P., Dr. Antony A. P., Mrs. Nishi Augustine

With Best Compliments From :

The Manager, Principal, Staff & Students of

ST. XAVIER'S SCHOOL

Sua Ka Bhag, Dholpur, Rajasthan

For Private Circulation Only

Printed at
St. Joseph's Printing School
Motilal Nehru Road, Agra-3
Ph. : 9457777308

Edited and Published by
Fr. E. Moon Lazarus
Cathedral House
Wazirpura Road, Agra-282 003
E-mail : agradiance@yahoo.com